कांवड़ यात्रा

अमरकंटक से राजनगर तक नर्मदा जल लेकर निकलीं कांवड़ यात्राएं

# द्वितीय सावन सोमवार को गूंजा हर-हर महादेव

**अमरकंटक, नवभारत 10 अगस्त।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को अमरकंटक से लेकर राजनगर तक आस्था और शिवभक्ति का विराट स्वरूप देखने को मिला।

मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में तड़के करीब 3 बजे से ही श्रद्धालुओं के नर्मदा स्नान और दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। कोटि तीर्थ, रामघाट सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर पवित्र जल कांवड़ में भरा और ज्वालेश्वर महादेव सहित विभिन्न शिवधामों के लिए रवाना हुए। वहीं राजनगर में केरहा धाम से सिद्ध बाबा केदारनाथ मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई।



## कांवड़ यात्री शिवभक्ति में लीन नजर आए

अमरकंटक में शहडोल, अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, पुष्पराजगढ़, डिंडोरी सहित मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। नगर में दिनभर हर-हर महादेव, बोल बम और ओम नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे। कांवड़ यात्रियों की टोलियां भजन-कीर्तन करते हुए और भगवा ध्वज लेकर शिवभक्ति में लीन नजर आईं।

## ज्वालेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

ज्वालेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। मां नर्मदा मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव, घंटेश्वर महादेव सहित अन्य शिवालयों में भी दिनभर पूजन-अर्चन, रुद्राभिषेक और शिव आराधना का क्रम चलता रहा।



### केरहा धाम से केदारनाथ मंदिर तक निकली कांवड़ यात्रा

राजनगर में भी सावन के दूसरे सोमवार पर केरहा धाम से सिद्ध बाबा केदारनाथ मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ यात्रा में सहभागिता की। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह से नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय नजर आया।



# पर्यटन क्विज में लपटा स्कूल की टीम प्रथम

**भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी अनूपपुर का प्रतिनिधित्व**

**अनूपपुर, नवभारत 10 अगस्त।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

अब टीम भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इसमें चयनित छह विद्यालयों के 18 विद्यार्थियों ने मल्टीमीडिया क्विज राउंड में हिस्सा लिया।

## उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा को मिला दूसरा स्थान

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लपटा स्कूल की टीम में सोनू सिंह, दीपक यादव और ईश्वर दीन चौधरी शामिल रहे। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा की टीम के अनुज सेन, अक्षरा शुक्ला एवं श्रेयांश चौधरी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की लक्ष्मी दुबे, प्रकाश प्रजापति एवं रिया यादव की टीम तीसरे स्थान पर रही।

# अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

**कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर दिया जोर**

**अनूपपुर, नवभारत 10 अगस्त।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में सोमवार को कलेक्टर रत्नाकर झा की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों, प्राप्त आवेदनों तथा सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के मामलों की विभागवार समीक्षा की।



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदक से संवाद स्थापित कर उसकी समस्या का समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपनी टीम को सक्रिय रखते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट साझा करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के लंबित एवं प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पटवारियों को क्षेत्रवार आवेदनों की सूची तैयार कर फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर जांच कर प्रकरणों का शत-प्रतिशत संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सर्विस डिलीवरी प्वाइंट को सक्रिय रखने तथा मजदूरों एवं किसानों से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

## जिले में 15 .8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान 15.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा जारी जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर अलग-अलग मात्रा में बारिश रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक 98.8 मिलीमीटर वर्षा पुष्पराजगढ़ में दर्ज हुई। वहीं अमरकंटक में 9 मिलीमीटर, बेनीबारी में 8.8 मिलीमीटर, जैतहरी में 4 मिलीमीटर, बिजुरी में 2.3 मिलीमीटर, अनूपपुर में 2 मिलीमीटर तथा वेंकटनगर में 1.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। कोतमा वर्षामापी केंद्र पर वर्षा निरंक रही। बीते 24 घंटे में पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में हुई तेज बारिश के कारण जिले की औसत वर्षा के आंकड़े में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

# 12वें वेतन समझौता वार्ता समिति के गठन में देरी

**संयुक्त श्रम संघ ने किया जोरदार प्रदर्शन, महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन**

**जमुना-कोतमा नवभारत 10 अगस्त।** कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी सहायक कंपनियों के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए 12वें वेतन समझौते की वार्ता समिति के गठन में हो रही देरी को लेकर संयुक्त श्रम संघ ने जमुना-कोतमा क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। एआईटीयूसी, एचएमएस, आईएनटीयूसी और सीआईटी से जुड़े श्रमिक नेताओं एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगें रखीं और महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर वार्ता समिति का गठन जल्द कराने की मांग की। इस संयुक्त श्रम संघ में बीएमएस शामिल नहीं है।



## निर्धारित समय-सीमा में प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की मांग

संयुक्त श्रम संघ ने अपने ज्ञापन में कहा कि 12वें वेतन समझौते की प्रक्रिया को लेकर कर्मचारियों में असंतोष और चिंता की स्थिति बनी हुई है। लंबे समय से वार्ता समिति के गठन में हो रही देरी को समाप्त करते हुए जल्द समिति गठित की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर वेतन समझौते की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। श्रमिक संगठनों का कहना है कि कर्मचारियों के हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच वार्ता जल्द शुरू होना आवश्यक है।

## इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन में एचएमएस से श्रीकांत शुक्ला एवं कौशलधीस द्विवेदी, एआईटीयूसी से अयाज अली, प्रमोद खांडई एवं निशा मिश्रा, सीआईटी से इंद्रपती सिंह एवं अनिल शर्मा तथा आईएनटीयूसी से रमेश कुशवाहा एवं संजय पटेल सहित संयुक्त श्रम संघ से जुड़े पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए 12वें वेतन समझौते के लिए वार्ता समिति का गठन जल्द करने और वार्ता प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की गई।

### एक नजर में

## हरे परिधानों में महिलाओं ने किया पौधरोपण

**नवभारत, जबलपुर।** सावन माह के उपलक्ष्य में अंगद फाउंडेशन सेवा संस्थान की महिलाओं द्वारा हरी चूड़ियाँ और हरे परिधान पहनकर एक संस्कारित उत्सव मनाया गया। प्रतिमाह होने वाले आयोजनों के क्रम में होटल विरासत या इंडियन कॉफ़ी हाउस में होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ़ उठाया और 'जल हो रहा कम, आओ पेड़ लगाएं हम' का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। इस दौरान महिलाओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए रामायण के दोहों का कॉम्पिटिशन, पासिंग बॉल, ओनियन बाउल, लेमन विथ स्पून, म्यूज़िकल चेयर और बॉलीवुड प्रश्नोत्तरी जैसे खेलों का भी समावेश किया गया। इस पूरे आयोजन में रीता गर्ग, दीप्ति कटारे, मधु तिवारी, जया मिश्रा, सुमन विश्वकर्मा, वेवी चौबे, रेणु ठाकुर, कला अवस्थी, सीमा चौबे और उषा पाठक प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

## डब्ल्यूई क्लब की नवीन कार्यकारिणी ने की शपथ ग्रहण

**नवभारत, जबलपुर।** होटल दालचीनी में डब्ल्यूई क्लब जबलपुर नर्मदा की सत्र 2026-27 के लिए गठित नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट डब्ल्यूई मनीषा सोनी मुख्य अतिथि, शपथ अधिकारी पीडीपी डब्ल्यूई रीता गुप्ता, पीडीपी डब्ल्यूई डॉ किरण जैन विशिष्ट अतिथि एवं गेस्ट ऑफ ओनर एरिया ऑफिसर एरिया 2 डब्ल्यूई सुधा यादव रहीं, जिनकी उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी ने समर्पण के साथ सेवा संकल्प की शपथ ली। इस अवसर पर माह मई में अस्तित्व में आए नवीन क्लब डब्ल्यूई क्लब जबलपुर सिटी की चार्टर टीम को भी साथ में शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों में डब्ल्यूई क्लब जबलपुर नर्मदा से अध्यक्ष डब्ल्यूई रेखा पटेल, सचिव डब्ल्यूई उत्तरा सोनी, सह सचिव माधवी सिंह, कोषाध्यक्ष डब्ल्यूई रश्मि पहरिया, टेमर कल्पना सिंह तथा डब्ल्यूई क्लब जबलपुर सिटी से अध्यक्ष डब्ल्यूई चंचल वाजपेयी, सचिव स्वेता जॉर्ज और कोषाध्यक्ष डब्ल्यूई सपना वाजपेयी शामिल रहीं।

# आदिवासी दिवस पर 111 दीप जलाकर वीरों को किया याद


**नवभारत, जबलपुर।** विश्व आदिवासी दिवस पर रविवार को अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ द्वारा आधारताल प्रतिमा स्थल पर 111 दीप प्रज्वलित कर वीर आदिवासियों को श्रद्धांजलि दी गई। यह आयोजन पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया के संयोजन में हुआ। इस दौरान सदियों से चल रहे शोषण के विरुद्ध बिरसा मुंडा, टांटिया भील,शंकर शाह रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, सिद्धू कान्हू और तिलका मांझी जैसे वीर सपूतों के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में कहा गया कि पूरे देश में हजारों साल से आदिवासियों का शोषण हो रहा है, जिस जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए पूर्वजों ने प्राण गंवाए, आज सरकार उसी जल, जंगल, जमीन को बेचकर जंगलों को खत्म कर रही है। आज देश में आदिवासी समाज की स्थिति सबसे दयनीय है और ऐसा लगता है जैसे सरकार उनका अस्तित्व खत्म करना चाहती है, जहाँ हत्या व बलात्कार आम बात हो गई है। वक्ताओं ने चिंता जताई कि हर गाँव और गली-मोहल्ले में शराब व नशे के कारण पूरी नस्ल बर्बाद हो रही है और समाज अपने ही देश में देशी आक्रांताओं से लड़ रहा है। इस अवसर पर समूचे आदिवासी समाज को बधाई देते हुए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया गया।

# ईसीआईएनईटी बना लोकप्रिय डिजिटल प्लेटफॉर्म

**मतदाता पंजीकरण ईपीआईसी और चुनावी आंकड़ों की सुविधा एक ही मंच पर**

**अनूपपुर, नवभारत 10 अगस्त।** भारत निर्वाचन आयोग का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईएनईटी निर्वाचन संबंधी सेवाओं के लिए तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

आयोग के अनुसार, ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप को अब तक करीब 10 करोड़ 80 लाख यूजर्स डाउनलोड कर चुके हैं। प्लेटफॉर्म पर मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूची में नाम की खोज, आवेदन की स्थिति, ई-ईपीआईसी डाउनलोड, शिकायत निवारण सहित कई महत्वपूर्ण निर्वाचन सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई हैं। ईसीआईएनईटी की परिकल्पना मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ की थी।




## 22 भाषाओं में उपलब्ध है

इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की गई थी, जबकि प्लेटफॉर्म का शुभारंभ 22 जनवरी को नई दिल्ली में किया गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, इसे संविधान, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं 1951, निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960 तथा निर्वाचन संचालन नियम 1961 के अनुरूप विकसित किया गया है ईसीआईएनईटी हिंदी और अंग्रेजी के साथ संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल और 22 भाषाओं में उपलब्ध है। आयोग के अनुसार, विधानसभा आम निर्वाचन एवं उपचुनाव-2026 के इंडेक्स कार्ड परिणाम घोषित होने के 72 घंटे के भीतर उपलब्ध कराए गए हैं।

## जिला साहू समाज ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** मानस भवन, राइट टाउन में रविवार को जिला साहू समाज द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ उच्च शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस समारोह में जिलेभर से आए 145 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट किए गए।

# कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने का कार्य करें : सिरोठिया

**भाजपा की मासिक जिला बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की बनी रणनीति**

**अनूपपुर, नवभारत 10 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी की मासिक जिला बैठक सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय अनूपपुर में आयोजित हुई। बैठक में शहडोल संभाग के संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, जिला प्रभारी संजय साहू, जिला महामंत्री श्याम नारायण शुक्ला एवं सिद्धार्थ शिव सिंह की उपस्थिति रही।




बैठक में पूर्व में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई।

## आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए रहे सक्रिय

बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करे। उन्होंने मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों को बूथ एवं शक्ति केंद्रों पर निरंतर प्रवास करने तथा स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

### संगठन की मंशा के अनुरूप करें कार्य : रौतेल

मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी का बोध रखते हुए संगठन की मंशा के अनुरूप निष्ठा से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद हैं, लेकिन पूर्व और वर्तमान कार्यकर्ताओं के बीच विचारों के अंतर को दूर कर सभी को सक्रिय करने की आवश्यकता है।

# शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

**अनूपपुर, नवभारत 10 अगस्त।** लोक अधिकार केंद्र के तत्वावधान में सोमवार को ब्लॉक अनूपपुर के अंतर्गत थाना भालूमाड़ा में महिलाओं के अधिकारों एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी सहायता तथा उपलब्ध शासकीय सेवाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान एकता संकुल संगठन की समता समन्वयक द्रोपती साहू, समता सखी सविता पारश एवं समता सखी मीना सिंह ने थाना भालूमाड़ा पहुंचकर लोक अधिकार केंद्र की भूमिका एवं उसकी सेवाओं के संबंध में उपस्थितजनों को जानकारी दी।




## योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया बताई

जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार एवं महिला हितैषी योजनाओं, घरेलू हिंसा एवं लैंगिक हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम, नशामुक्ति एवं नशे के दुष्प्रभाव सहित कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया तथा हिंसा एवं अधिकारों से जुड़े मामलों में संबंधित विभागों के समन्वय से सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई।

तिरंगा यात्रा

देशभक्ति के रंग में रंगा शहर, गांधी चौक में हुआ यात्रा का समापन

# नगर पालिका परिषद की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**कोतमा नवभारत 10 अगस्त।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा सोमवार, 10 अगस्त को अपराह्न 4:00 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

देशभक्ति के अभूतपूर्व जोश और उत्साह से लबरेज यह यात्रा नगर पालिका परिषद प्रांगण से प्रारंभ होकर मुखर्जी चौक सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी और गांधी चौक पहुंचकर गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरा शहर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान रहा।



## राष्ट्र की एकता और अखंडता का दिया संदेश

गांधी चौक में यात्रा के समापन अवसर पर वक्ताओं ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संदेश दिया। जन-जन में देशभक्ति की भावना का संचार करने वाली यह यात्रा कोतमा नगर के इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण के रूप में दर्ज हो गई।

## इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, उपाध्यक्ष वैशाली बद्री ताम्रकार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीलम सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। यात्रा में समस्त पार्षद, रामनरेश गर्ग, नवल किशोर सर्राफ, शैलेंद्र ताम्रकार, तृप्ति सिंह, नंद कुमार गुप्ता, अर्पण सिंह विक्कू तथा राजू प्रदीप सोनी आदि की उपस्थिति रही।

### छात्रों और नागरिकों में दिखा जबरदस्त उत्साह

यात्रा में शैक्षणिक जगत से मॉडल स्कूल कोतमा के प्राचार्य विनोद पटेल, खेल प्रशिक्षक मिथिलेश सिंह नेताम, स्कूल के शिक्षक गण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। तिरंगा यात्रा को देखने और उसका स्वागत करने के लिए मुख्य मार्गों के दोनों ओर नागरिकों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।



# तिरंगा यात्रा से दिया नशामुक्ति का संदेश

**अनूपपुर/जैतहरी नवभारत 10 अगस्त।** हर घर तिरंगा अभियान एवं नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनगवां पूर्वी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान तिरंगा यात्रा निकालकर ग्रामीणों को देशभक्ति के साथ नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में करीब 300 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति एवं देशभक्ति से जुड़े नारे लगाए गए।

विद्यार्थियों के लिए तिरंगा यात्रा एवं नशामुक्ति विषय पर रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर और निबंध लिखकर देशप्रेम तथा नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।